# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 05.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **केंद्र सरकार ने कहा– 40 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है भारत, देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव कोशिश जारी।**

- **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का आरोप – राज्य में ध्वस्त हो चुकी है कानून–व्यवस्था, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा – झारखण्ड में मजबूती से काम करेगी उनकी पार्टी।**

- **सात जिलों में राज्य सरकार स्थापित करेगी नए प्रोफेशनल कॉलेज, सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुसार मिल सकेगी रोजगार आधारित डिग्री।**

- **जन विश्वास विधेयक के माध्यम से नागरिकों को बड़ी राहत, ड्राइविंग लाइसेंस की समय–सीमा और मामूली कागजी गलतियों के लिए अब नहीं काटने होंगे अदालतों के चक्कर।**

- **मौसम विभाग ने नौ अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की जताई संभावना।**

********************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत, ईरान सहित 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है और ईरान को तेल के भुगतान में कोई समस्या नहीं है। श्री पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन दावों का खंडन किया कि भुगतान से जुड़ी दिक्कतों के कारण एक जहाज को चीन की ओर मोड़ दिया गया था। श्री पुरी ने कहा कि देश की रिफाइनरियों में ईरान सहित कई देशों से कच्चा तेल आ रहा है। इधर, मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है।

********************

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि राज्य में पेट्रोल और गैस की कोई किल्लत नहीं है। रांची में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पर अफवाह फैलाने के आरोप लगाए।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की समुद्री विरासत में इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों का अमूल्य योगदान है। आज राष्ट्रीय समुद्र दिवस पर सोशल मीडिया पर संदेश साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र तीव्र गति और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का आरोप लगाया है। रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज मिलन समारोह के दौरान श्री मरांडी ने कहा कि आज राज्य में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

********************

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी झारखण्ड में और मजबूती के साथ काम करेगी। आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने दावा किया कि केरलम में विधानसभा चुनाव के दौरान लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट, एलडीएफ की दुबारा सरकार बनेगी।

********************

राज्य सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सात जिलों में नए प्रोफेशनल कॉलेज खोलने जा रही है। रांची, खूंटी, लातेहार, चतरा, देवघर, पलामू और धनबाद में भी जमीन की उपलब्धता के आधार पर ये कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने संबंधित जिलों के उपायुक्तों को जमीन आवंटन के लिए निर्देश जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन कॉलेजों के खुलने से सुदूरवर्ती क्षेत्रों के छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुसार जॉब–ओरिएंटेड डिग्री मिल सकेगी।

********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अगली पीढ़ी की अमृत भारत रेलगाडियों के डिब्बों का निरीक्षण किया। रेल मंत्रालय ने कहा कि इन डिब्बों को यात्रियों के आराम, सौंदर्य और समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सोच–समझकर डिजाइन किया गया है।

********************

केंद्र सरकार ने जन विश्वास विधेयक 2026 के माध्यम से व्यापार और आम जीवन को आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब ड्राइविंग लाइसेंस खत्म होने के बाद 30 दिनों की छूट मिलेगी और मामूली कागजी गलतियों पर सीधे जेल के बजाय सिर्फ चेतावनी या आर्थिक जुर्माना लगेगा। रेलवे बर्थ खाली न करने या सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान जैसी छोटी चूकों को अब आपराधिक मामला नहीं माना जाएगा। साथ ही, रात में बाहर निकलने पर पुलिसिया संदेह के पुराने कानून को भी खत्म कर दिया गया है। इन सुधारों से अदालतों का बोझ कम होगा और नागरिकों को बेवजह की कानूनी दिक्कतों से राहत मिलेगी।

********************

विधि और न्याय मंत्रालय में अपर सचिव के.वी. कुमार ने कहा है कि जन विश्वास संशोधन विधेयक से व्यापार और जीवन सुगम होगा। डॉ. कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि इस विधेयक में 23 मंत्रालयों से जुड़े 784 प्रावधान शामिल हैं।

********************

रामगढ़ जिले की पुलिस ने पतरातू क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इनके पास से बंदूक, कारतूस, मोबाइल फोन और गाड़ियां बरामद हुई हैं।

********************

धनबाद जिले के मुनीडीह में बीती रात कबाड़ चोरी के दौरान गैस रिसाव की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अस्पताल में भर्ती दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, लातेहार जिले के गम्हरिया बांध में नहाने के दौरान डूबने से परहिया समुदाय के दो व्यक्तियों की जान चली गई। पुलिस प्रशासन ने दोनों ही घटनाओं की पुष्टि करते हुए उचित जांच और कार्रवाई का भरोसा दिया है।

********************

आज ईस्टर रविवार है। यह अवसर प्रार्थना, पश्चाताप और प्रभू ईसा मसीह के जीवन के अंतिम चरण का स्मरण करने के पवित्र सप्ताह का प्रतीक है। राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में ईस्टर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की स्मृति में आयोजित विशेष प्रार्थना सभाओं में शामिल होने के लिए राज्य भर के गिरजाघरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इस अवसर पर रांची के आर्चबिशप विन्सेंट आइंद ने लोगों को शुभकामनाएं दीं।

********************

रांची के खेलगांव में पहली मई से होने वाली तीसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चौंपियनशिप को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकैडमी की ओर से रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने खिलाड़ियों को उन्नत तकनीक और वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे।

********************

मौसम विभाग ने नौ अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में गरज—चमक के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है और लोगों से सचेत रहने की अपील की है।

*********समाप्त***************